श्री बंशीधर नगर, गुरुवार
12.11.2026
कार्तिक शुक्लपक्ष तृतीया संवत 2084
वर्ष : 05, अंक : 78

सूर्योदय-सूर्यास्त

उदय - 06:04 बजे
अस्त - 05:15 बजे

तापमान

अधिकतम : 30 डिग्री से.
न्यूनतम : 16 डिग्री से.

बंशीधर न्यूज

कलम है, तो आवाज़ बुलंद है...




डिजिटल अखबार www.banshidharnews.com
हथियार व भारी मात्रा में कारतूस बरामद >> पेज 03
हुमा कुरैशी की 'महारानी 5' में दिखेगा... >> पेज 05

सुविचार

एक हीरो किसी आम आदमी से ज्यादा बहादुर नहीं होता, लेकिन वह पाँच मिनट तक ज्यादा बहादुर रहता है।

न्यूज अपडेट्स

मॉर्निंग वॉक के दौरान बेहोश हुए पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, एम्स में भर्ती



नई दिल्ली। पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की बुधवार सुबह मॉर्निंग वॉक के दौरान अचानक तबीयत बिगड़ गई। वह टहलते समय बेहोश होकर गिर पड़े और कुछ मिनट तक अचेत रहे। पहले उन्हें घर ले जाकर डॉक्टरों से जांच कराई गई, लेकिन हालत को देखते हुए उन्हें दिल्ली के एम्स में भर्ती कराना पड़ा। जानकारी के मुताबिक सुरक्षाकर्मी उन्हें पीसीआर वाहन से घर लेकर पहुंचे। आईएलबीएस की मेडिकल टीम और एम्स के डॉक्टर संदीप सेठ ने उनकी जांच कर जरूरी चिकित्सा सहायता दी। इसके बाद उन्हें एंबुलेंस से एम्स ले जाया गया। सूत्रों के मुताबिक 75 वर्षीय धनखड़ को एम्स के कार्डियो-न्यूरो सेंटर में भर्ती किया गया है। फिलहाल कार्डियोलॉजी विभाग के डॉक्टर उनकी निगरानी कर रहे हैं और जरूरी चिकित्सकीय जांच व उपचार किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि पिछले साल भी सीने में दर्द की शिकायत के बाद उन्हें एम्स के कार्डियक विभाग में भर्ती कराया गया था।

निशा भगत मौत मामला : राष्ट्रीय महिला आयोग ने लिया स्वतः संज्ञान

डीजीपी से मांगी जांच रिपोर्ट

सीबीआई जांच की सिफारिश से राज्य सरकार की जिम्मेदारी खत्म नहीं होती : विजया राहटकर



रांची। आदिवासी महिला नेत्री निशा भगत की मौत के मामले में राष्ट्रीय महिला आयोग ने स्वतः संज्ञान लिया है। आयोग की अध्यक्ष विजया किशोर राहटकर ने बुधवार को रांची में कहा कि निशा भगत को बहुत कम उम्र में उत्पीड़न के कारण अपनी जान गंवानी पड़ी, जो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और चिंताजनक है। विजया राहटकर कहा कि आयोग इस मामले को गंभीरता से ले रहा है और पीड़िता को न्याय दिलाने के लिए हर जरूरी कदम उठाएगा। उन्होंने बताया कि आयोग ने झारखंड की पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) को मामले की तत्काल जांच कर विस्तृत रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया है। विजया राहटकर ने कहा कि आयोग ने राज्य सरकार और पुलिस प्रशासन से यह जानकारी मांगी है कि आखिर ऐसी कौन-सी परिस्थितियां बनीं, जिनके कारण निशा भगत को अपनी जान गंवानी पड़ी। अब तक इस मामले में क्या कार्रवाई हुई है और इसके लिए कौन लोग जिम्मेदार हैं, इसकी भी पूरी जानकारी मांगी गई है। आयोग ने दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय महिला आयोग की टीम रांची के बाद गुमला भी पहुंची, जहां निशा भगत के माता-पिता से मुलाकात कर पूरे मामले की जानकारी ली गई। इस दौरान परिजनों ने अपनी बेटी के साथ हुई घटनाओं को लेकर गंभीर आरोप लगाए और न्याय की मांग की। आयोग की अध्यक्ष ने कहा कि परिजनों की बातों को गंभीरता से सुना गया है। आयोग आगे होने वाली कार्रवाई पर लगातार नजर रखेगा।

विजया राहटकर ने झारखंड के अधिकारियों के रवैये पर भी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि गुमला दौरे के दौरान वहां के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) और उपायुक्त (डीसी) से मुलाकात नहीं हो सकी। वहीं, रांची में भी आयोग की ओर से अधिकारियों के साथ बैठक निर्धारित की गई थी, लेकिन संबंधित अधिकारियों ने मुलाकात के लिए समय नहीं दिया। उन्होंने बताया कि डीजीपी से मिलने का भी प्रयास किया गया, लेकिन उनके साथ भी बैठक नहीं हो पाई। विजया राहटकर ने कहा कि वह दो बार झारखंड का दौरा कर चुकी हैं, लेकिन महिलाओं के उत्पीड़न से जुड़े गंभीर मुद्दों पर चर्चा के लिए किसी अधिकारी ने समय नहीं दिया। मुख्यमंत्री से भी मुलाकात का समय मांगा गया था, लेकिन वहां से भी कोई समय नहीं मिला। उन्होंने सवाल उठाया कि जब राज्य में महिलाओं के साथ उत्पीड़न की घटनाएं हो रही हैं और उन्हें न्याय की जरूरत है, तो ऐसे मामलों में उनके साथ कौन खड़ा होगा। महिला सुरक्षा जैसे संवेदनशील विषयों पर अधिकारियों का गंभीर और जवाबदेह होना जरूरी है।

राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष ने बताया कि निशा भगत की मौत के मामले के अलावा झारखंड की 536 अन्य महिलाओं से जुड़े उत्पीड़न के मामले भी आयोग के संज्ञान में आए हैं। इन मामलों पर भी राज्य सरकार की ओर से अब तक संतोषजनक जवाब नहीं मिला है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि महिलाओं को न्याय दिलाना आयोग की प्राथमिकता है। किसी भी शिकायत को नजरअंदाज नहीं किया जाएगा। आयोग सभी मामलों में संबंधित विभागों से जवाबदेही सुनिश्चित करने और पीड़ित महिलाओं को न्याय दिलाने के लिए आवश्यक कदम उठाएगा।

निशा भगत मामले की जांच सीबीआई को सौंपने की सिफारिश के संबंध में पूछे गए सवाल पर विजया राहटकर ने कहा कि सीबीआई जांच की अनुशंसा कर देने मात्र से राज्य सरकार की जिम्मेदारी समाप्त नहीं हो जाती। स्थानीय पुलिस ने अब तक मामले में जो जांच की है और जो भी तथ्य एवं साक्ष्य जुटाए हैं, उनकी पूरी जानकारी सीबीआई को उपलब्ध कराना जरूरी है।

उन्होंने कहा कि जांच की प्रक्रिया में किसी तरह की कमी नहीं रहनी चाहिए। स्थानीय पुलिस की ओर से जुटाए गए तथ्यों और साक्ष्यों के आधार पर सीबीआई को जांच आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी। इससे दोषियों की पहचान कर उन्हें सजा दिलाने का रास्ता साफ होगा। राष्ट्रीय महिला आयोग इस पूरे मामले की निगरानी करता रहेगा।

विजया किशोर राहटकर ने कहा कि किसी भी लड़की को उत्पीड़न के कारण इस तरह अपनी जान गंवानी पड़े, यह समाज और प्रशासन दोनों के लिए गंभीर चिंता का विषय है। महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने और उन्हें न्याय दिलाने के लिए सरकार, पुलिस तथा प्रशासन को अपनी जिम्मेदारियों का पूरी गंभीरता से निर्वहन करना चाहिए।

इससे पूर्व झारखंड दौरे पर पहुंचीं राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया किशोर राहटकर ने रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर मीडिया से बातचीत की। उन्होंने निशा भगत की मौत को बेहद दुखद बताते हुए उनके परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि इसी मामले की वास्तविक स्थिति जानने और पीड़ित परिवार से मिलने के उद्देश्य से वह झारखंड पहुंची हैं।

शीतकाल के लिए बंद हुए गंगोत्री, केदारनाथ और यमुनोत्री धाम के कपाट



उत्तरकाशी/रुद्रप्रयाग। उत्तराखंड के विश्व प्रसिद्ध गंगोत्री, केदारनाथ और यमुनोत्री धाम के कपाट शीतकाल के लिए बंद कर दिए गए हैं। धार्मिक परंपराओं और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच तीनों धामों में कपाट बंद होने की प्रक्रिया दो दिनों में संपन्न हुई। मंगलवार को अन्नकूट पर्व पर गंगोत्री धाम के कपाट बंद हुए, जबकि बुधवार को भैयादूज के अवसर पर केदारनाथ और यमुनोत्री धाम के कपाट बंद कर दिए गए। इसके साथ ही तीनों धामों की ग्रीष्मकालीन यात्रा का समापन हो गया। वहीं बदरीनाथ धाम के कपाट 16 नवंबर को बंद होंगे। कपाट बंद होने के बाद मां गंगा की उत्सव डोली मुखबा, भगवान केदारनाथ की पंचमुखी चल विग्रह डोली रामपुर और मां यमुना की उत्सव डोली खरसाली के लिए रवाना हुई। अब अगले छह माह तक इन तीनों देवस्थलों के शीतकालीन प्रवास में श्रद्धालु दर्शन और पूजा-अर्चना कर सकेंगे।

बुधवार को भैयादूज के अवसर पर भगवान केदारनाथ के कपाट सुबह 8:30 बजे शीतकाल के लिए बंद कर दिए गए। कपाट बंद होने की प्रक्रिया के दौरान बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी सहित हजारों श्रद्धालु उपस्थित थे। इस यात्रा वर्ष में केदारनाथ धाम में रिकॉर्ड साढ़े 19 लाख श्रद्धालुओं ने बाबा केदारनाथ के दर्शन किए। बुधवार अहले सुबह 3:30 बजे मंदिर श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए खोल दिया गया था। सुबह पांच बजे से कपाट बंद करने की प्रक्रिया शुरू हुई। मुख्य पुजारी टी. गंगाधर लिंग ने धर्माधिकारी और वेदपाठियों की उपस्थिति में स्वयंभू शिवलिंग को समाधि स्वरूप दिया। स्थानीय पुष्पों, ब्रह्मकमल और भस्म से शिवलिंग को ढकने के बाद गर्भगृह के कपाट बंद किए गए। इसके बाद भगवान केदारनाथ की पंचमुखी डोली सभा मंडप से मंदिर परिसर में लाई गई। सुबह 8:30 बजे मुख्य मंदिर के कपाट बंद कर दिए गए। इस दौरान पूरा मंदिर परिसर जय श्री केदार और ऊं नमः शिवाय के उद्घोष से गूंज उठा। कपाट बंद होने के अवसर पर मंदिर को फूलों से सजाया गया था। श्रद्धालुओं के लिए दानदाताओं और आईटीबीपी की ओर से भंडारे भी आयोजित किए गए। कपाट बंद होने के बाद भगवान केदारनाथ की पंचमुखी डोली सेना के बैंड की भक्तिमय धुनों के बीच पहले पड़ाव रामपुर के लिए रवाना हुई। बीकेटीसी के मीडिया प्रभारी डॉ. हरीश गौड़ ने बताया कि 12 नवंबर को डोली विश्वनाथ मंदिर, गुप्तकाशी पहुंचेगी। इसके बाद 13 नवंबर को शीतकालीन गद्दीस्थल श्री ओंकारेश्वर मंदिर ऊखीमठ पहुंचेगी। यहां अगले छह माह तक भगवान केदारनाथ की पूजा-अर्चना होगी। इससे पहले सात नवंबर को भगवान केदारनाथ के रक्षक भकुंट भैरवनाथ के कपाट भी शीतकाल के लिए बंद कर दिए गए थे।

21वीं सदी में भी किसी व्यक्ति की पीठ पर सवार होकर नदी पार करने की नौबत आना किस व्यवस्था की तस्वीर पेश करता है

विधायक जी! जब आप ही डूब गये मझधार, तो क्षेत्र की कैसे होगी नैया पार

धीरेन्द्र चौबे

माननीय विधायक जी, आप चुने हुये विधायक हैं, वह भी दो साल से। सरकार भी आपकी है। इसके बावजूद अपने क्षेत्र विश्रामपुर के घासीदाग गांव में प्रवेश के पहले नदी पार करने के लिये आप किसी इंसान की पीठ की सवारी कर रहे हैं। यह दृश्य केवल हास्यास्पद नहीं, बल्कि जनप्रतिनिधि की कार्यशैली और विकास की प्राथमिकताओं पर गंभीर सवाल खड़े करता है। यह दृश्य लज्जाजनक भी है। यह लज्जाजनक इसलिये भी है कि आप सामाजिक न्याय का दंभ भरने वाली पार्टी राजद के निर्वाचित विधायक हैं। इसलिये विधायक जी 21वीं सदी में भी किसी व्यक्ति की पीठ पर सवार होकर नदी पार करने की नौबत आना आखिर किस व्यवस्था की तस्वीर पेश करता है? अनुसूचित जाति के एक निर्वाचित पंचायत स्तरीय प्रतिनिधि के पीठ पर सवार होकर नदी पार करना कौन सा सामाजिक न्याय का हिस्सा है? खैर आपको शायद इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। आप तो सिर्फ एक व्यक्ति की पीठ पर सवार होकर नदी पार करने निकले थे, लेकिन बीच मझधार में खुद ही डूब गये। विधायक जी आप अपने तो डूबे ही मझिआंव-विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र को भी ले डूबे। सवाल यह है कि जब विधायक जी की ही अपनी नैया मझधार में डगमगा रही है, तो मझिआंव-विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र की नैया कैसे पार होगी? दो साल का कार्यकाल कम नहीं होता। इस दौरान क्षेत्र की बुनियादी समस्याओं, खासकर आवागमन की सुविधा और पुल पुलियों के निर्माण को प्राथमिकता मिलनी चाहिये थी। यदि विकास की प्राथमिकताएं स्पष्ट होतीं तो शायद आपको इस तरह किसी की पीठ पर बैठकर नदी पार करने की नौबत नहीं आती। मुझे तो इस पूरे घटनाक्रम में एक और दिलचस्प पहलू नजर आता है। ऐसा लगता है कि इस दृश्य की पटकथा पहले से तैयार थी। हालांकि यह महज आशंका है, लेकिन वायरल वीडियो में कैमरे का एंगल, लोगों की मौजूदगी और तालियां कई सवाल खड़े करती हैं। संभव है कि विधायक और उनके खास लोग इस पूरे घटनाक्रम के परिणाम से अनभिज्ञ रहे हों। घासीदाग में धार्मिक कार्यक्रम के लिये जब आपको आमंत्रण आपको मिला था, तभी आप कहते कि जब पुल बनवा दूंगा, तभी गांव आऊंगा तो शायद ज्यादा बेहतर संदेश जाता। आखिर जनता ने आपको अपनी पीठ पर बिठाकर नदी पार कराने के लिये नहीं, बल्कि क्षेत्र की समस्याओं का समाधान करने के लिये विधायक चुना है। नदी पार होने के लिए पुल पुलियों का निर्माण कराने के लिये चुना है। वायरल वीडियो पर आप भी गौर कीजिये विधायक जी जब आप मझधार में गिरते हैं तभी लोग तालियां बजाते हैं। मतलब साफ है कि दृश्य खत्म होता है और पर्दा गिर जाता है। लेकिन पर्दा गिरने के बाद असली सवाल अब भी खड़ा होता है कि विधायक जी, आपकी नैया तो डूब गई, क्षेत्र की नैया कब और कैसे पार लगेगी? मेरी बात कड़वी जरूर है लेकिन गंभीर है। आप गौर करेंगे तो अभी भी तीन साल का समय है जो कम नहीं है। तीन साल में आप क्षेत्र की तस्वीर और तकदीर दोनों बदल सकते हैं।



छठ पूजा को लेकर जागृति क्लब की तैयारी तेज, आकर्षक लाईटों से जगमगायेगा घाट और दानरो पुल



बंशीधर न्यूज

गढ़वा : दीपावली और लक्ष्मी पूजा संपन्न होने के साथ ही जिले में लोक आस्था के महापर्व छठ की तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में जागृति क्लब के सदस्य छठ घाट को भव्य और आकर्षक रूप देने में जुट गये हैं। क्लब के सदस्य दिन-रात घाट की साफ-सफाई, रंग-रोगन और सजावट को अंतिम रूप देने में लगे हैं। जागृति क्लब के अध्यक्ष रोहित कुमार साव ने बताया कि क्लब प्रत्येक वर्ष छठ पूजा के अवसर पर कुछ नया और आकर्षक करने का प्रयास करता है। छठ केवल पर्व नहीं, बल्कि आस्था, संस्कृति और परंपरा का प्रतीक है। क्लब का प्रयास है कि घाट पर आने वाले प्रत्येक श्रद्धालु को बेहतर व्यवस्था और सुखद अनुभूति मिले। उन्होंने बताया कि इस वर्ष छठ घाट पर भगवान भास्कर की भव्य प्रतिमा स्थापित की जा रही है, जो आयोजन का मुख्य आकर्षण होगी। प्रतिमा के चारों ओर विशेष लाईटिंग और फूलों से सजावट की जायेगी। वहीं दानरो नदी के पुल को भी रंग-बिरंगी अत्याधुनिक लाइटों से सजाया जायेगा। रात में पुल की रोशनी लोगों के आकर्षण का केंद्र बनेगी। इसके अलावा जागृति क्लब के भवन को भी फूलों, झालरों और आकर्षक लाइटों से दुल्हन की तरह सजाया जायेगा। घाट के मुख्य द्वार से लेकर पूरे परिसर में विशेष सजावट की तैयारी है। घाट पर चल रही तैयारियों से स्थानीय लोगों में भी उत्साह है। क्लब के सदस्यों का दावा है कि इस वर्ष छठ पूजा का आयोजन पहले से अधिक भव्य और यादगार होगा।

न्यूज अपडेट्स

तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार दो युवकों को कुचला, मौत

रांची। बुढ़मू थाना क्षेत्र में बुधवार को तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई। हादसा चौकी टांड़ के पास झीलया नदी के समीप हुआ। दुर्घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल बन गया। आक्रोशित ग्रामीणों और मृतकों के परिजनों ने सड़क जाम कर दिया और मार्ग पर भारी वाहनों की आवाजाही बंद करने की मांग की। मृतकों की पहचान टंडवा प्रखंड के दूंडुवा पांडे मोड़ निवासी कुलदीप महतो (35) और प्रकाश महतो (24) के रूप में हुई है। दोनों युवक बाइक से पतरातू के खरकु टोला जा रहे थे। इसी दौरान झीलया नदी के पास पीछे से आ रहे ट्रक ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों युवकों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। दुर्घटनाग्रस्त ट्रक मां भगवती ट्रांसपोर्ट, कुमडांग का बताया जा रहा है। हादसे की सूचना मिलने पर बुढ़मू पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। दोनों युवकों की मौत की खबर मिलते ही उनके परिजन और आसपास के गांवों के लोग भी घटनास्थल पर जुट गए। ग्रामीणों ने सड़क जाम कर विरोध जताया। उनका कहना था कि इस मार्ग से रोजाना कोयला लदे सैकड़ों भारी वाहन गुजरते हैं, लेकिन उनकी आवाजाही नियंत्रित करने के लिए पर्याप्त व्यवस्था नहीं है। ग्रामीणों ने कहा कि तेज रफ्तार भारी वाहनों के कारण इस मार्ग पर हमेशा दुर्घटना का खतरा बना रहता है। उन्होंने मांग की कि भारी वाहनों के परिचालन पर रोक लगाने की व्यवस्था की जाए और सड़क सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं। उनका कहना था कि प्रशासन के तत्काल हस्तक्षेप के बिना ऐसी घटनाओं पर अंकुश लगाना मुश्किल है।

कोर्ट सीबीआई मामले में हलका कर्मचारी शशि भूषण सिंह को हाई कोर्ट से राहत नहीं

1185 दिनों की देरी माफी से अदालत का इनकार



रांची। झारखंड उच्च न्यायालय से सीबीआई के एक मामले में आरोपित हलका कर्मचारी शशि भूषण सिंह को राहत नहीं मिली है। अदालत ने उनकी क्रिमिनल रिवीजन याचिका खारिज कर दी है। इसके साथ ही याचिका दाखिल करने में हुई 1185 दिनों की देरी को माफ करने की मांग भी अस्वीकार कर दी। शशि भूषण सिंह ने रांची स्थित सीबीआई की विशेष अदालत के 25 फरवरी 2021 के उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें उनके खिलाफ आरोप तय किए गए थे। यह मामला वर्ष 2009-10 का है। उस समय शशि भूषण सिंह रांची के रातू अंचल में हलका कर्मचारी के पद पर कार्यरत थे। उन पर पुंदाग गांव की जमीन के दाखिल-खारिज (म्यूटेशन) में अनियमितता बरतने का आरोप है। सीबीआई के मुताबिक, जमीन की वास्तविक रकबा 35.55 डिसमिल था, जबकि शशि भूषण सिंह ने 39.49 डिसमिल जमीन के म्यूटेशन की अनुशंसा की थी। आरोप है कि उन्होंने मेसर्स संजीवनी बिल्डकॉन प्राइवेट लिमिटेड के निदेशकों को अनुचित आर्थिक लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से ऐसा किया था। इस मामले में निचली अदालत ने उनके खिलाफ धोखाधड़ी, आपराधिक साजिश और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत आरोप तय किए थे। उच्च न्यायालय में याचिकाकर्ता की ओर से दलील दी गई कि विभागीय जांच में वर्ष 2022 में उन्हें दोषमुक्त कर दिया गया था। इसके अलावा, इसी तरह के आरोपों से संबंधित एक अन्य मामले में उच्चतम न्यायालय ने 29 अप्रैल 2025 को उनके पक्ष में फैसला सुनाया था। यह मामला आपराधिक अपील संख्या 2293/2025 से संबंधित था। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता ने कहा कि उच्चतम न्यायालय ने उस मामले में हलका कर्मचारी की भूमिका को रजिस्टर्ड सेल डीड के आधार पर राजस्व रिकॉर्ड में प्रविष्टि करने और म्यूटेशन की प्रक्रिया शुरू करने तक सीमित माना था। उनका तर्क था कि वर्तमान मामला भी इसी प्रकृति का है, इसलिए उच्चतम न्यायालय के फैसले का लाभ उन्हें मिलना चाहिए। उन्होंने यह भी दलील दी कि उच्चतम न्यायालय में संबंधित मामला लंबित रहने के कारण आरोप तय करने के आदेश को चुनौती देने में देरी हुई। सीबीआई की ओर से याचिकाकर्ता की दलीलों का विरोध किया गया। सीबीआई के अधिवक्ता ने कहा कि वर्तमान मामला अलग प्राथमिकी यानी आरसी केस संख्या 17(एस)/2013-आर से जुड़ा है और इसमें आरोप भी अलग हैं। ऐसे में उच्चतम न्यायालय के दूसरे मामले के फैसले का लाभ याचिकाकर्ता को नहीं दिया जा सकता। सीबीआई ने अदालत को बताया कि इस मामले में संज्ञान आदेश को चुनौती देने वाली याचिकाकर्ता की याचिका उच्च न्यायालय ने 18 अक्टूबर 2019 को खारिज कर दी थी। इसके बाद उच्चतम न्यायालय ने भी एक अक्टूबर 2020 को एसएलपी खारिज कर उच्च न्यायालय के आदेश को बरकरार रखा था। सीबीआई के अनुसार, 27 फरवरी 2020 को निचली अदालत ने शशि भूषण सिंह की डिस्चार्ज याचिका भी खारिज कर दी थी। इसके बावजूद उन्होंने आरोप तय करने के 25 फरवरी 2021 के आदेश को तत्काल चुनौती नहीं दी। सीबीआई ने कहा कि याचिकाकर्ता की डिस्चार्ज याचिका उच्च न्यायालय में लंबित रहने के दौरान ही निचली अदालत ने उनके खिलाफ आरोप तय कर दिए थे, लेकिन उन्होंने करीब तीन साल बाद इसे चुनौती दी। सीबीआई ने इस देरी को उचित ठहराने के लिए दिए गए तर्कों पर भी सवाल उठाया और तथ्यों को छिपाने का आरोप लगाया। एजेंसी ने अदालत को यह भी बताया कि मुकदमे की सुनवाई काफी आगे बढ़ चुकी है और अब तक अभियोजन पक्ष के सात गवाहों की गवाही दर्ज हो चुकी है। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद उच्च न्यायालय ने स्पष्ट किया कि उच्चतम न्यायालय के सामने विचाराधीन रहा मामला और वर्तमान मामला अलग-अलग आरोपों से संबंधित हैं। इसलिए याचिकाकर्ता दूसरे मामले में आए फैसले के आधार पर इस मामले में राहत की मांग नहीं कर सकते। अदालत ने कहा कि प्रत्येक मामले का निर्णय उसके अपने तथ्यों और गुण-दोष के आधार पर किया जाना चाहिए। अदालत ने यह भी कहा कि याचिकाकर्ता के अधिवक्ता ने उच्चतम न्यायालय के फैसले का हवाला देने के अलावा कोई अन्य ठोस तर्क नहीं रखा। देरी माफ करने की अर्जी पर अदालत ने कहा कि दोनों मामले अलग-अलग थे और याचिकाकर्ता को प्रत्येक मामले में समय पर कानूनी कदम उठाने चाहिए थे। अदालत ने 1185 दिनों की देरी के लिए दिए गए स्पष्टीकरण को अस्वीकार्य माना। विशेष रूप से इस तथ्य को भी ध्यान में रखा कि मुकदमे की सुनवाई काफी आगे बढ़ चुकी है और अभियोजन पक्ष के सात गवाहों की गवाही भी दर्ज हो चुकी है। इसके बाद उच्च न्यायालय ने देरी माफ करने की अर्जी और क्रिमिनल रिवीजन याचिका, दोनों को खारिज कर दिया।

एसिड अटैक मामले में झारखंड हाई कोर्ट ने 2845 दिनों की देरी की माफ

रांची। झारखंड उच्च न्यायालय ने एसिड अटैक के एक मामले में दोषी को सुनाई गई सजा बढ़ाने के लिए राज्य सरकार की ओर से दायर अपील में हुई 2845 दिनों की देरी को माफ कर दिया है। अदालत ने मामले की गंभीरता और पीड़ित की स्थिति को देखते हुए देरी माफी की अर्जी स्वीकार कर ली। साथ ही सरकार की अपील को इसी घटना से जुड़े अन्य लंबित मामलों के साथ नियमित खंडपीठ के समक्ष सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया। राज्य सरकार ने रिंकी देवी को सुनाई गई सजा को अपर्याप्त बताते हुए इसे बढ़ाने की मांग की है। इसके लिए अपील के साथ विलंब माफी याचिका (आईए) भी दाखिल की गई थी। रिंकी देवी को छह मार्च 2018 को आईपीसी की धारा 326, 504 और 506 के तहत दोषी ठहराया गया था। धारा 326 के तहत उन्हें तीन साल के सश्रम कारावास और 50 हजार रुपये जुमार्ने की सजा सुनाई गई थी। वहीं, धारा 504 और 506 के तहत एक-एक साल के सश्रम कारावास की सजा दी गई थी। आरोप है कि उन्होंने पीड़ित के चेहरे पर तेजाब फेंका था, जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गया था। राज्य सरकार का तर्क है कि अपराध की गंभीरता को देखते हुए दोषी को मिली सजा पर्याप्त नहीं है। सरकार की ओर से अदालत को बताया गया कि पीड़ित ने पहले सजा बढ़ाने के लिए आपराधिक पुनरीक्षण याचिका दायर की थी, जिसे 12 मई 2023 को इस आधार पर खारिज कर दिया गया था कि पीड़ित की ओर से ऐसी याचिका सुनवाई योग्य नहीं है। इसके बाद 23 मार्च 2021 के गृह विभाग के आदेश के तहत गठित समिति और जिला स्तरीय समिति की बैठक हुई। उपायुक्त ने 24 जून 2024 को प्रस्ताव महाधिवक्ता को भेजा, जिसके बाद राज्य सरकार की ओर से अपील दायर की गई। वहीं, रिंकी देवी के अधिवक्ता ने उच्च न्यायालय के एक फैसले का हवाला देते हुए विलंब माफी का विरोध किया। उन्होंने दलील दी कि सरकारी विभाग प्रक्रियागत लापरवाही का हवाला देकर देरी माफ कराने का दावा नहीं कर सकते। राज्य सरकार 2845 दिनों की देरी के प्रत्येक दिन का संतोषजनक कारण बताने में विफल रही है। इसलिए विलंब माफी की अर्जी खारिज की जानी चाहिए।

ज्ञान निकेतन कॉन्वेंट स्कूल में जनजातीय संस्कृति पर आधारित आर्ट गैलरी आयोजित



गढ़वा : शहर के ज्ञान निकेतन कॉन्वेंट स्कूल परिसर में जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर जनजातीय संस्कृति, कला एवं परंपराओं को समर्पित आर्ट गैलरी का आयोजन किया गया। विद्यालय के निदेशक मदन प्रसाद केशरी ने भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं फीता काटकर आर्ट गैलरी का उद्घाटन किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने जनजातीय जीवनशैली, पारंपरिक वेशभूषा, लोककला, रीति-रिवाजों और महान जनजातीय महापुरुषों से संबंधित आकर्षक चित्र एवं कलाकृतियां प्रदर्शित की। मौके पर निदेशक मदन प्रसाद केशरी ने कहा कि जनजातीय गौरव दिवस देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और जनजातीय समाज के ऐतिहासिक योगदान को याद करने का महत्वपूर्ण अवसर है। भगवान बिरसा मुंडा ने अपने साहस, संघर्ष और देशभक्ति से अंग्रेजी शासन के विरुद्ध जनजातीय समाज को एकजुट किया था। उनका जीवन अन्याय के खिलाफ संघर्ष और देश के प्रति समर्पण की प्रेरणा देता है। मौके पर नोडल इंचार्ज दिनेश कुमार, उपप्राचार्य बसंत ठाकुर, शिक्षक वीरेंद्र शाह, खुर्शीद आलम, मुकेश भारती, नीलम कुमारी, सरिता दुबे, सुनीता कुमारी, चंदा श्रीवास्तव, वर्षा कुमारी, पूजा प्रकाश, हीरामन मेहता, संतोष प्रसाद आदि उपस्थित थे।

झारखंड में बादलों के कारण बढ़ा तापमान, ठंड से मिली थोड़ी राहत

रांची। झारखंड की राजधानी रांची सहित राज्य के विभिन्न जिलों में बादल छाए रहने के कारण तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। तापमान बढ़ने से ठंड का असर भी कुछ कम हुआ है। मौसम विभाग ने बुधवार को यह जानकारी दी। मौसम विभाग के अनुसार, मंगलवार की तुलना में बुधवार को रांची के अधिकतम और न्यूनतम तापमान में दो-दो डिग्री सेल्सियस की वृद्धि हुई। इसी तरह जमशेदपुर में अधिकतम तापमान एक डिग्री और न्यूनतम तापमान दो डिग्री बढ़ा। बोकारो में अधिकतम तापमान में कोई बदलाव नहीं हुआ, जबकि न्यूनतम तापमान में दो डिग्री की बढ़ोतरी दर्ज की गई। चाईबासा में अधिकतम तापमान एक डिग्री और न्यूनतम तापमान दो डिग्री बढ़ा। विभाग के अनुसार, पूर्वी उत्तर प्रदेश और आसपास के क्षेत्रों से होते हुए उत्तर-पश्चिमी बंगाल की खाड़ी, झारखंड और पश्चिम बंगाल के गंगा के मैदानी इलाकों तक निम्न दबाव का क्षेत्र बना हुआ है। इसके प्रभाव से आने वाले दिनों में झारखंड के मौसम में बदलाव की संभावना है। पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में सबसे अधिक तापमान पूर्वी सिंहभूम जिले के दारीसाइ में 31.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि सबसे कम तापमान लातेहार में 11.9 डिग्री सेल्सियस रहा। इधर, बुधवार को रांची और आसपास के इलाकों में सुबह से आंशिक रूप से बादल छाए रहे। दोपहर बाद आसमान कुछ साफ हुआ। बादल छाए रहने के कारण सुबह के समय हल्की कनकनी महसूस की गई। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार, बुधवार को रांची में अधिकतम तापमान 28.5 और न्यूनतम 15.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जमशेदपुर में अधिकतम तापमान 31.2 और न्यूनतम 19.3 डिग्री रहा। डाल्टनगंज में अधिकतम 29.8 और न्यूनतम 16.7 डिग्री, बोकारो में अधिकतम 28.2 और न्यूनतम 17.6 डिग्री तथा चाईबासा में अधिकतम 29.5 और न्यूनतम तापमान 17.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

दुर्लभ ग्रह-नक्षत्रों के संयोग में मनेगा छठ महापर्व, 16 नवंबर को उदीयमान सूर्य को दिया जाएगा अर्घ्य

13 नवंबर को नहाय-खाय के साथ चार दिवसीय अनुष्ठान का होगा शुभारंभ

15 नवंबर को अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देंगे व्रती

36 घंटे के निर्जला व्रत से संतान की दीर्घायु

उत्तम स्वास्थ्य और परिवार की सुख-समृद्धि की करेंगे कामना

रांची। लोक आस्था और सूर्योपासना का चार दिवसीय महापर्व छठ इस वर्ष दुर्लभ और शुभ ग्रह-नक्षत्रों के संयोग में मनाया जाएगा। महापर्व का शुभारंभ 13 नवंबर को नहाय-खाय के साथ होगा। 14 नवंबर को खरना, 15 नवंबर को अस्ताचलगामी सूर्य को संध्या अर्घ्य और 16 नवंबर को उदीयमान सूर्य को प्रातः अर्घ्य अर्पित किया जाएगा। इस बार छठ अनुष्ठान के तीसरे दिन रविवार और षष्ठी तिथि का संयोग बन रहा है। रविवार भगवान सूर्य की आराधना के लिए समर्पित है। ऐसे में इस दिन विशेष योगों का बनना व्रतियों और उनके परिवारों के लिए अत्यंत शुभ एवं मंगलकारी माना जा रहा है। आचार्य मनोज कुमार पाण्डेय के अनुसार, संतान की दीर्घायु, उत्तम स्वास्थ्य और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना से व्रती 36 घंटे का कठिन निर्जला व्रत रखेंगे। इस दौरान अस्ताचलगामी और उदीयमान सूर्यदेव को अर्घ्य अर्पित कर परिवार की खुशहाली की प्रार्थना की जाएगी। उन्होंने बताया कि छठ महापर्व में षष्ठी तिथि को रविवार का संयोग सूर्योपासना के महत्व को और बढ़ा देता है। छठ व्रत को बल, आरोग्य, समृद्धि और संतान सुख प्रदान करने वाला माना जाता है। धार्मिक मान्यता है कि इस व्रत के पुण्य प्रभाव से परिवार में सुख-शांति और समृद्धि आती है। संतान की कामना करने वाली महिलाओं के लिए भी यह व्रत विशेष फलदायी माना गया है।



चार दिनों तक ऐसे होंगे छठ के अनुष्ठान

13 नवंबर नहाय-खाय : महापर्व के पहले दिन व्रती पवित्र स्नान कर पूरी शुद्धता और सात्विकता के साथ कद्दू-भात का प्रसाद ग्रहण करेंगे। इसी के साथ चार दिवसीय छठ व्रत का संकल्प लिया जाएगा।

14 नवंबर खरना : दूसरे दिन व्रती पूरे दिन निर्जला उपवास रखेंगे। शाम को भगवान सूर्य और छठी मइया की पूजा-अर्चना के बाद गुड़ की खीर और गेहूं की रोटी का प्रसाद ग्रहण करेंगे। इसके साथ ही 36 घंटे के निर्जला व्रत की शुरूआत होगी। खरना का प्रसाद रात्रि 9:01 बजे से पहले ग्रहण करने का विधान बताया गया है।

15 नवंबर संध्या अर्घ्य : महापर्व के तीसरे दिन व्रती जलाशयों और नदियों के घाटों पर पहुंचकर अस्ताचलगामी सूर्यदेव को अर्घ्य अर्पित करेंगे। इस दिन सूर्यास्त का समय शाम 5:02 बजे निर्धारित है।

16 नवंबर उषा अर्घ्य और पारण : महापर्व के अंतिम दिन सुबह 6:04 बजे सूर्योदय के समय उदीयमान सूर्यदेव को अर्घ्य दिया जाएगा। भगवान सूर्य और छठी मइया से परिवार की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना के बाद प्रसाद वितरण होगा। इसके साथ ही व्रती पारण कर 36 घंटे के निर्जला उपवास का समापन करेंगे।



पलामू के दिशांक शेखर का झारखंड अंडर 16 क्रिकेट टीम में चयन

बंशीधर न्यूज

मेदिनीनगर : चैनपुर प्रखंड अंतर्गत पूर्वडीहा गांव निवासी दिशांक शेखर का चयन झारखंड की अंडर 16 क्रिकेट टीम में हुआ है। जेएससीए की ओर से विजय मर्चेंट ट्रॉफी 2026-27 के लिए घोषित टीम में जगह मिलने से परिवार और गांव में खुशी का माहौल है। दिशांक अब राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का कौशल दिखाएंगे। दिशांक के पिता दीपक कुमार दुबे सेल (सेल) के बरसुआ आयरन माइंस में डिप्टी जनरल मैनेजर (माइनिंग) हैं। उनके चाचा सुधीर दूबे जेई हैं। मां कविता दूबे कॉस्ट एंड मैनेजमेंट अकाउंटेंट (सीएमए) हैं और धनबाद में अपनी फर्म कविता एंड कंपनी संचालित करती हैं। खास बात यह है कि कविता दुबे स्वयं क्रिकेट खिलाड़ी रह चुकी हैं। उन्होंने बोकारो जिला महिला क्रिकेट टीम का प्रतिनिधित्व किया है और धनबाद जिला महिला क्रिकेट टीम की कोच भी रह चुकी हैं। मां के अनुभव और मार्गदर्शन से दिशांक को क्रिकेट की शुरूआती प्रेरणा मिली। दिशांक ने महज साढ़े पांच साल की उम्र में क्रिकेट खेलना शुरू कर दिया था। कोच उमेश श्रीवास्तव ने उनकी प्रतिभा और उत्साह देखकर उन्हें अकादमी में प्रवेश दिया। बाद में डीसीसीए के कोच महादेव सिंह के मार्गदर्शन में भी उन्होंने खेल की बारीकियां सीखीं। दिशांक इंटर स्कूल, इंटर डिस्ट्रिक्ट, इंटर कोचिंग और ए डिवीजन प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा दिखा चुके हैं। अंडर 14, अंडर 16 और अंडर 18 स्तर की प्रतियोगिताओं में भी उन्होंने बल्लेबाजी और गेंदबाजी से प्रभावित किया है।

विजय मर्चेंट ट्रॉफी में चयन उनके क्रिकेट सफर का महत्वपूर्ण पड़ाव है। उनके चयन पर धनबाद क्रिकेट एसोसिएशन के पदाधिकारियों, प्रशिक्षकों और खेल प्रेमियों ने खुशी जताते हुए बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद जताई है। अब दिशांक के समक्ष झारखंड टीम को मजबूती देने और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने की चुनौती है।

न्यूज अपडेट्स

पोक्सो एक्ट के दो नामजद आरोपी गिरफ्तार, जेल

पांकी : पुलिस ने पोक्सो एक्ट के मामले में दो नामजद दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान पांकी थाना क्षेत्र के टईया गांव निवासी मंजूर आलम खां और महमूद खां के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, इस मामले में पांकी थाने में बीएनएस व पॉक्सो एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज की गई थी। अनुसंधान के क्रम में दोनों नामजद आरोपितों को गिरफ्तार किया गया। इसके बाद आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

हत्याकांड का खुलासा, पत्नी व पुत्र गिरफ्तार

मेदिनीनगर। पलामू जिले की पांकी पुलिस ने दूब गांव निवासी गुनी भुइयां (50) हत्याकांड का उदभेदन कर लिया है। हत्याकांड में शामिल पत्नी मनतोरवा देवी (47) और बड़े बेटे कैलू भुइयां (26) को गिरफ्तार किया है। हत्या में इस्तेमाल टांगी बरामद किया गया है। उल्लेखीय है कि 09 नवंबर की रात गुनी भुइयां की टांगी से वारकर हत्या कर दी गयी थी। उसका शव उसके घर से बरामद किया गया था। घटना के बाद से पत्नी फरार चल रही थी, जबकि बेटे पर संदेह व्यक्त किया गया था। पारिवारिक विवाद में हत्या की चर्चा थी। पुलिस ने घटना की 24 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए आरोपित की पत्नी और बेटे को गिरफ्तार किया। लेस्लीगंज के एसडीपीओ प्रशांत कुमार ने बुधवार को बताया कि गुनी शराब के नशे में अक्सर पत्नी से विवाद करता था। मारपीट करते रहता था। सोमवार की रात उसने शराब के नशे में कमरे में ही लघुशंका कर दी थी। इसे लेकर उसकी पत्नी के साथ विवाद हुआ था। गुनी उसके साथ मारपीट कर रहा था। इसी क्रम में बड़ा बेटा वहां पहुंचा और मां को अलग किया। ऐसे में पिता बड़े बेटे से उलझ गया और भला बुरा कहने लगा। बड़े बेटे कैला ने गुस्से में आकर टांगी से उसपर वार कर दिया, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गयी।

नक्सल माओवादी जोनल कमांडर संजय यादव को भेजा गया जेल

हथियार व भारी मात्रा में कारतूस बरामद

बिहार-झारखंड में 63 आपराधिक मामले दर्ज

15 साल तक माओवादी संगठन में रहा, एक महीने पहले छोड़ा था संगठन

बंशीधर न्यूज



मेदिनीनगर : प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के जोनल कमांडर और 10 लाख रुपये के इनामी संजय यादव उर्फ संजय गोदराम उर्फ बुधराम की दो दिनों की रिमांड अवधि पूर्ण होने के बाद बुधवार को पुलिस ने न्यायिक हिरासत में भेज दिया। रिमांड के दौरान उससे कई स्तरों पर पूछताछ की गई। इस दौरान उसकी निशानदेही पर जिले के हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के केमो दुधिया जंगल में जमीन के अंदर छिपाकर रखे गए हथियार और भारी मात्रा में गोली बारूद बरामद किए गए। पुलिस के अनुसार गुप्त सूचना के आधार पर महाराष्ट्र एटीएस ने छह नवंबर को ठाणे के एक खटाल में छिपकर रह रहे संजय यादव उर्फ संजय गोदराम उर्फ बुधराम को हिरासत में लिया था और इसकी सूचना पलामू पुलिस को दी थी। इसके बाद छतरपुर के एसडीपीओ प्रशांत कुमार और हरिहरगंज थाना के सौरभ कुमार 7 नवंबर को महाराष्ट्र पहुंचे और चार दिनों के ट्रांजिट रिमांड पर उसे पलामू लाए। 9 नवंबर को उसे न्यायिक हिरासत में भेजा गया था। 10 नवंबर को पिपरा थाना पुलिस ने उसे दो दिनों की रिमांड पर लिया था। बुधवार को रिमांड अवधि पूरी होने के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। एसपी कपिल चौधरी ने बताया कि छतरपुर के देवगन निवासी संजय यादव के खिलाफ बिहार और झारखंड में कुल 63 आपराधिक मामले दर्ज हैं। इनमें पलामू में 32, गढ़वा में एक, बिहार के औरंगाबाद में 20 और गयाजी में 10 मामले शामिल हैं।

15 वर्षों से भाकपा माओवादी से जुड़ा था 10 लाख का इनामी

झारखंड सरकार ने उसके खिलाफ 10 लाख रुपये, जबकि बिहार सरकार ने तीन लाख रुपये का इनाम घोषित कर रखा था। एसपी के अनुसार 45 वर्षीय संजय यादव पिछले 15 वर्षों से भाकपा माओवादी संगठन से जुड़ा था।

जमीन विवाद के कारण वह माओवादी बना था। हालांकि संगठन में 15 साल बिताने के बाद भी उसे जमीन विवाद में न्याय नहीं मिला। अब उसे माओवादी संगठन में शामिल होने का पछतावा है। उसकी निशानदेही पर 7.62 एमएम की एक एसएलआर राइफल, 7.62 एमएम के 140 जिंदा कारतूस, थ्री नॉट थ्री के 150 जिंदा कारतूस, एसएलआर की तीन खाली मैगजीन, एक राइफल का बट और एक मैगजीन पाउच सहित अन्य सामान बरामद किए गए हैं। संजय यादव जोनल कमांडर नितेश यादव के दस्ते में शामिल था। करीब एक महीने पहले उसने संगठन छोड़ दिया और काम की तलाश में मुंबई चला गया। वहां उसने अपने एक परिचित से संपर्क कर काम दिलाने का आग्रह किया। परिचित ने उसे एक कपड़ा फैक्ट्री में काम दिलाया, लेकिन तकनीकी जानकारी नहीं होने के कारण कंपनी ने उसे हटा दिया। इसके बाद वह पिछले 15 दिनों से ठाणे के एक खटाल में रह रहा था।

उसके तीन बच्चे हैं, जिनमें दो बेटे और एक बेटी है। बेटी की शादी हो चुकी है, जबकि एक बेटा मजदूरी करता है। परिवार की आर्थिक स्थिति काफी खराब बताई गई है। संजय यादव उर्फ संजय गोदराम का नाम 2014 से 2025 के बीच हत्या, पुलिसकर्मियों पर हमला, विस्फोट, लेवी वसूली, आगजनी, मुठभेड़ और नक्सली गतिविधियों से जुड़ी कई गंभीर घटनाओं में सामने आया है। इन घटनाओं में उसकी कथित संलिप्तता की जांच और कार्रवाई की गई है।

सूर्या क्रिकेट क्लब ने उजाला क्रिकेट क्लब को 49 रनों से हराया



राजन बने मैन ऑफ द मैच

गढ़वा : जिला क्रिकेट लीग के चौथे मुकाबले में सूर्या क्रिकेट क्लब ने शानदार प्रदर्शन करते हुये उजाला क्रिकेट क्लब को 49 रनों से पराजित कर जीत दर्ज की। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी सूर्या क्रिकेट क्लब की टीम ने 34.1 ओवर में सभी विकेट खोकर 240 रन बनाये। टीम की ओर से आयुष कुमार सिंह ने शानदार 87 रनों की पारी खेली। वहीं हर्ष कुमार सिंह ने 34 और राजन ने 17 रनों का योगदान दिया। उजाला क्रिकेट क्लब की ओर से गेंदबाजी करते हुये अरुणीश राज ने शानदार प्रदर्शन किया और पांच विकेट हासिल किये। लक्ष्य का पीछा करने उतरी उजाला क्रिकेट क्लब की टीम 35 ओवर में 191 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। इस तरह सूर्या क्रिकेट क्लब ने 49 रनों से मुकाबला अपने नाम कर लिया। सूर्या क्रिकेट क्लब की ओर से गेंदबाजी करते हुये राजन कुमार ने घातक गेंदबाजी का प्रदर्शन किया और छह विकेट झटके। वहीं सत्यम कुमार ने दो विकेट हासिल किये। शानदार गेंदबाजी के लिये राजन कुमार को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। उन्हें यह पुरस्कार कुणाल किशोर ने प्रदान किया। उस मौके पर बड़ी संख्या में खेलप्रेमी मौजूद थे।

थाना प्रभारी ने विभिन्न छठ पूजा घाटों का किया निरीक्षण, दिये कई निर्देश



कांडी : लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा को लेकर कांडी पुलिस ने छठ घाटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुये विभिन्न छठ पूजा घाटों एवं आयोजन स्थलों का अंतिम रूप से भौतिक निरीक्षण किया।इस दौरान थाना प्रभारी ऋषिकेश सिंह ने सुरक्षा व्यवस्था से जुड़े हर महत्वपूर्ण पहलू का बारीकी से जायजा लिया और आयोजन समितियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। थाना प्रभारी ने छठ घाटों पर श्रद्धालुओं की संभावित भीड़, आवागमन के रास्तों, यातायात नियंत्रण एवं वाहनों की पार्किंग व्यवस्था को लेकर आयोजन समिति के सदस्यों के साथ विस्तार से चर्चा की। थाना प्रभारी ने आयोजन समितियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि छठ पूजा के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो इस पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। घाटों पर भीड़ का व्यवस्थित संचालन, वाहनों की आवाजाही पर नियंत्रण और पार्किंग की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाय। साथ ही आयोजन समितियां पुलिस प्रशासन के साथ बेहतर समन्वय बनाकर काम करें। थाना प्रभारी ने कहा कि छठ महापर्व आस्था, विश्वास और सामाजिक सौहार्द का प्रतीक है। ऐसे में पर्व को शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराना पुलिस प्रशासन की प्राथमिकता है।

श्रीजानकी बाग में हनुमान चालीसा पाठ का 58वां साप्ताहिक आयोजन



गढ़वा : शहर के श्रीजानकी बाग परिसर में श्रीहनुमान चालीसा पाठ एवं आध्यात्मिक-सांस्कृतिक चर्चा का 58 वां साप्ताहिक आयोजन श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में धार्मिक अनुष्ठान के साथ भारतीय संस्कृति, आध्यात्मिक चेतना, सामाजिक समरसता और नैतिक मूल्यों पर विचार-विमर्श किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ श्रीहनुमान जी की पूजा-अर्चना से हुआ। पंडित हर्ष द्विवेदी कला मंच, नवादा (गढ़वा) की कला साधिकाओं संध्या सुमन, मधु कुमारी एवं काजल कुमारी ने विधि-विधान से पूजा संपन्न कराई। चर्चा सत्र में अमोद कुमार सिन्हा ने कहा कि श्रीहनुमान चालीसा का नियमित पाठ आत्मबल, अनुशासन और सकारात्मक जीवन दृष्टि विकसित करने का माध्यम है। भगवान हनुमान का जीवन निःस्वार्थ सेवा, साहस, विनम्रता और कर्तव्यनिष्ठा की प्रेरणा देता है। संध्या सुमन ने कहा कि कला और अध्यात्म भारतीय संस्कृति के अभिन्न अंग हैं। श्रीजानकी बाग पूजा समिति के संरक्षक सुदामा बिंद ने कहा कि 58 सप्ताह से आयोजन की निरंतरता श्रद्धालुओं की आस्था और सामूहिक सहयोग का परिणाम है। इसके बाद श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया। आरती के पश्चात प्रसाद वितरण हुआ और शांति पाठ के साथ कार्यक्रम संपन्न हो गया। मौके पर कई अन्य श्रद्धालु उपस्थित थे।

तेज रफ्तार बाइक ने रिटायर्ड होमगार्ड को मारी टक्कर, मौत

मेदिनीनगर। पलामू जिले के हैदरनगर थाना क्षेत्र के कुडूवा मोड़ के पास तेज रफ्तार बाइक की चपेट में आने से 62 वर्षीय सेवानिवृत्त होमगार्ड जवान नीरज कुमार सिंह की मौत हो गई। वह हेमजा गांव के निवासी थे। हादसे के बाद परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। जानकारी के अनुसार नीरज कुमार सिंह कुडूवा मोड़ के समीप अपनी साइकिल में हवा भरवा रहे थे। इसी दौरान मोहम्मदगंज रोड की तरफ से तेज गति से आ रही एक बाइक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की खबर मिलते ही मोकहर कला पंचायत के मुखिया पति नवाजिश खां परिजनों के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने घायल नीरज कुमार को तत्काल स्थानीय अस्पताल पहुंचाया। उनकी नाजुक हालत को देखते हुए चिकित्सक ने बेहतर इलाज के लिए बाहर ले जाने की सलाह दी। इसके बाद परिजन उन्हें रांची ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया। घटना को लेकर स्थानीय थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए हुसैनाबाद भेज दिया है। सेवानिवृत्त होमगार्ड जवान की मौत से हेमजा गांव में शोक की लहर है। पत्नी और चार बेटियों के सिर से परिवार के मुखिया का साया उठ गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

छठ पूजा की तैयारी को लेकर बैठक संपन्न

कई लोगों को सौंपी गयीं जिम्मेदारियां

बंशीधर न्यूज



रमना : प्रखंड मुख्यालय स्थित ऐतिहासिक गंगा तालाब छठ घाट परिसर में बुधवार को छठ पूजा की तैयारियों को लेकर समिति व ग्रामवासियों की महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में पर्व को भव्य, शांतिपूर्ण और अनुशासित तरीके से संपन्न कराने के लिये विभिन्न व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई और उपस्थित लोगों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गईं। तालाब परिसर में मोटर झरना लगवाने, टेंट, आकर्षक रोशनी (लाइटिंग) और साउंड सिस्टम की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिये विशेष टीम गठित की गई। मंदिर गेट, मुख्य प्रवेश द्वार, तालाब तट और छठ घाट की चारों दिशाओं में विशेष सजावट व सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने का जिम्मा सौंपा गया। घाट पर धार्मिक झांकियों की प्रस्तुति, धार्मिक गीतों के गायन और धूम-धाम के साथ प्रतिमा विसर्जन के लिये अलग से लोगों को कमान सौंपी गई। अस्थाई प्रतिमा स्थापित कर विधि-विधान से पूजा, हवन और विसर्जन कार्य संपन्न कराने की जिम्मेदारी तय की गई। पूरे आयोजन के दौरान शांति व्यवस्था बनाये रखने और संचालन सुचारू रूप से चलाने के लिये कमेटी के सदस्यों को तैनात किया गया। बैठक के दौरान विशेष रूप से इस बात पर जोर दिया गया कि व्रतियों को पूजा के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा न हो और उन्हें सभी आवश्यक सुविधाएं समय पर मिल सकें। बैठक की अध्यक्षता सुदर्शन बियार ने की। जबकि धन्यवाद ज्ञापन मनोज गुप्ता ने किया। मौके पर रामलाल बियार, महेंद्र प्रसाद गुप्ता, बबलू बियार, मनोज साह, बिंदु बियार, उकेश गुप्ता, मनोहर बियार, रूपेश मेहता, पप्पू बियार, कृष्णा बियार, विजय बियार समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

श्रद्धा और भक्ति के साथ मनी चित्रगुप्त पूजा, लोगों ने कलम-दवात की पूजा कर की सुख-समृद्धि की कामना



बंशीधर न्यूज

श्री बंशीधर नगर : श्री बंशीधर नगर अनुमंडल क्षेत्र में बुधवार को भगवान श्री चित्रगुप्त की पूजा श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विभिन्न समाज के लोगों ने अपने-अपने घरों, चित्रगुप्त मंदिरों तथा सार्वजनिक स्थलों पर विधि-विधान के साथ भगवान चित्रगुप्त की पूजा-अर्चना की। नगर क्षेत्र के विभिन्न स्थानों एवं मंदिरों में भी श्रद्धालुओं ने एकत्रित होकर आराध्य देव की पूजा की और परिवार, समाज तथा राष्ट्र की सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। पूजा के दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान चित्रगुप्त के चित्र के समक्ष कलम, दवात, लेखनी और बहीखाते की पूजा की। धार्मिक मान्यता के अनुसार भगवान चित्रगुप्त सृष्टि के समस्त जीवों के कर्मों का लेखा-जोखा रखने वाले देवता हैं। इसी परंपरा के तहत लोगों ने साल भर के आय-व्यय का लेखा-जोखा तैयार किया तथा लेखन कार्य से जुड़े उपकरणों की पूजा-अर्चना की। पूजा के दौरान भगवान चित्रगुप्त को समर्पित पारंपरिक मंत्र का भी पाठ किया गया तथा भगवान चित्रगुप्त से बल, बुद्धि, विद्या और शिक्षा में वृद्धि की कामना की। साथ ही राष्ट्र को शिक्षित, सशक्त और समृद्ध बनाने, देश में आपसी भाईचारा, सामाजिक सद्भाव और राष्ट्रीय एकता कायम रखने की प्रार्थना की। उस मौके पर लोगों ने कहा कि चित्रगुप्त पूजा केवल धार्मिक आस्था का पर्व नहीं है, बल्कि यह ज्ञान, शिक्षा, लेखन, अनुशासन और कर्म के प्रति समर्पण का संदेश भी देती है। कलम और दवात की पूजा हमें शिक्षा के महत्व तथा अपने कर्तव्यों के प्रति जागरूक रहने की प्रेरणा देती है। उस मौके पर प्रशांत सहाय, मुकेश कुमार सिन्हा, अविनाश सहाय, विकास रंजन श्रीवास्तव, अरविंद कुमार सिन्हा, प्रवीण कुमार सिन्हा, जितेंद्र सिंहा, दृष्टि, सुंदरलाल, उदय कुमार सिन्हा, सुधीर प्रसाद श्रीवास्तव, परमेंद्र कुमार सिन्हा, नवनीत कुमार सिन्हा, उज्ज्वल कुमार सिन्हा, अमरेंद्र सिंहा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

न्यूज अपडेट्स

अवैध बालू ढुलाई कर रहे ट्रैक्टर जब्त

मोहम्मदगंज : मोहम्मदगंज थाना क्षेत्र के कोल्हुआ सोनबरसा बालू घाट से अवैध रूप से बालू की ढुलाई किए जाने की सूचना पर मंगलवार की रात पुलिस ने कार्रवाई की। हुसैनाबाद एसडीपीओ दिव्यांश शुक्ला के नेतृत्व में मोहम्मदगंज कादल कुर्मी मेन रोड पर स्टेशन मोड़ के समीप बालू लदे दो ट्रैक्टर ट्रॉली जब्त किए गए। जब्त ट्रैक्टरों के संबंध में मोहम्मदगंज निवासी अवधेश यादव और भजनिया निवासी माधुरी सिंह के नाम सामने आए हैं। कार्रवाई में मोहम्मदगंज थाना प्रभारी नारायण सोरेन, सीओ रणबीर कुमार समेत पुलिस बल के जवान शामिल थे। थाना प्रभारी नारायण सोरेन ने बताया कि दोनों ट्रैक्टरों को जब्त कर थाना परिसर में रखा गया है। जुमार्ने की कार्रवाई के लिए मामले की जानकारी खनन विभाग को भेजी जा रही है।

ठगी के मामले में दो साल से फरार प्राथमिकी अभियुक्त गिरफ्तार, जेल

पाटन : नावा जयपुर थाना पुलिस ने ठगी के एक मामले में फरार चल रहे प्राथमिकी अभियुक्त 55 वर्षीय विनय मांझी उर्फ विनय पासवान को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी नावा जयपुर थाना क्षेत्र के पचकेड़िया बोरादह गांव निवासी स्वर्गीय बैजनाथ मांझी का पुत्र है। पुलिस ने गत 11 नवंबर को उसे गिरफ्तार किया। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

सगमा ▶ थाना प्रभारी ने बीरबल छठ घाट का किया निरीक्षण

सड़क विवाद सुलझाया

बंशीधर न्यूज



सगमा : थाना प्रभारी जनार्दन राउत ने बुधवार को थाना क्षेत्र के बीरबल गांव स्थित सूर्य मंदिर छठ घाट का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने छठ घाट तक जाने वाले रास्ते का जायजा लेते हुये सड़क विवाद की जानकारी ली। छठ पूजा समिति के सदस्यों ने थाना प्रभारी को बताया की मंदिर के समीप रहने वाले प्रेम प्रजापति ने मुख्य सड़क से छठ घाट तक जाने वाले रास्ते को निजी जमीन बताते हुये कई स्थानों को क्षतिग्रस्त कर दिया है। साथ ही इसका विरोध करने पर समिति के सदस्यों के साथ गाली-गलौज और मारपीट की धमकी दी जाती है। इसके साथ साथ मंदिर के आसपास अतिक्रमण कर छठ व्रतियों के लिये परेशानी उत्पन्न की जाती है। मामले को गंभीरता से लेते हुये थाना प्रभारी ने प्रेम प्रजापति को बुलाने का निर्देश दिया, लेकिन उनके घर पर नहीं होने की जानकारी मिली। इसके बाद पुलिस ने अतिक्रमण हटवाते हुये सड़क को दुरुस्त कराया। थाना प्रभारी ने प्रेम प्रजापति को 24 घंटे के अंदर थाना पहुंचने का निर्देश दिया। उन्होंने चेतावनी दी कि ऐसा नहीं करने पर छठ पूजा में बाधा उत्पन्न करने वालों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जायेगी। पुलिस की इस पहल पर ग्रामीणों ने आभार जताया। मौके पर प्रमुख अजय साव, मुखिया इंद्रजीत कुशवाहा, श्रीकांत चंद्रवंशी, बालेश्वर यादव, उमेश यादव, बाबूलाल कुमार सहित पूजा समिति के सदस्य और दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

छठ महापर्व की मेराल में तैयारियां तेज, घाटों की सफाई में जुटे लोग



मेराल : लोक आस्था और सूर्योपासना के महापर्व छठ को लेकर प्रखंड क्षेत्र में तैयारियां जोर पकड़ने लगी हैं। शहर से लेकर गांवों और गली-मोहल्लों तक छठ घाटों की साफ-सफाई तथा वहां तक पहुंचने वाले रास्तों को दुरुस्त करने का काम शुरू हो गया है। दीपावली संपन्न होने के साथ ही वातावरण छठमय होने लगा है। घरों से लेकर बाजारों तक छठ के पारंपरिक एवं कर्णप्रिय गीतों की गूंज सुनाई देने लगी है, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय माहौल में सराबोर हो रहा है। वहीं बाजार सहित विभिन्न चौक-चौराहों पर पूजन सामग्री की दुकानें सजने लगी हैं। बांस से बने सूप, दउरा, नारियल, फल एवं अन्य पूजन सामग्रियों की खरीदारी भी शुरू हो गई है। प्रखंड मुख्यालय स्थित ऐतिहासिक बर नदी छठ घाट पर इस वर्ष छठ महापर्व के अवसर पर विशेष आकर्षण के रूप में भव्य गंगा महाआरती का आयोजन किया जायेगा। इसकी जानकारी देते हुये संजय भगत एवं समिति के अध्यक्ष संजीव जायसवाल ने बताया कि छठ व्रतियों की सुविधा, सुरक्षा और श्रद्धालुओं की भीड़ को ध्यान में रखते हुये आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं। आयोजन को भव्य एवं व्यवस्थित बनाने के लिये समिति का गठन कर सदस्यों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। समिति में संजीव जायसवाल को अध्यक्ष बनाया गया है। जबकि सत्यम मल्होत्रा एवं यमुना प्रसाद को उपाध्यक्ष बनाया गया है। उस मौके पर ब्रजेश कुमार मिश्रा, मदन यादव सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

सात साल बाद घर लौटा लापता बेटा, मां की छलक उठी आंखें

तमिलनाडु में बंधक बनाकर रखने का आरोप

बंशीधर न्यूज



श्री बंशीधर नगर : सात साल से लापता बेटे की वापसी ने एक परिवार की खुशियां लौटा दीं। श्री बंशीधर नगर प्रखंड अंतर्गत कोलझिकी पंचायत निवासी नजीर अंसारी का पुत्र हसमुद्दीन अंसारी बुधवार को शक्तिपुंज एक्सप्रेस से नगर ऊंटारी रेलवे स्टेशन पहुंचा। बेटे को सामने देखकर मां तेबून बीबी, पिता नजीर अंसारी और दादा कादिर अली भावुक हो उठे।

परिजनों के अनुसार हसमुद्दीन वर्ष 2020 में घर से लापता हो गया था। काफी खोजबीन और थाने में शिकायत के बावजूद उसका कोई सुराग नहीं मिला। घर लौटने के बाद युवक ने अपनी आपबीती सुनाते हुये आरोप लगाया कि काम दिलाने के बहाने उसे तमिलनाडु ले जाया गया, जहां करीब दो महीने बाद घर लौटने की इच्छा जताने पर उसे बंधक बना लिया गया। हसमुद्दीन का दावा है कि वहां 15 से 20 अन्य युवकों से भी जबरन काम कराया जाता था और मजदूरी नहीं दी जाती थी। दीपावली के दिन वह नेपाल के एक युवक के साथ मौका पाकर भाग निकला। इसके बाद जबलपुर पहुंचकर परिचित को फोन किया। सूचना मिलते ही परिजन जबलपुर पहुंचे और उसे घर ले आये। सात साल बाद बेटे की वापसी से परिवार में खुशी का माहौल है।

उनके दामाद राहुल कुमार चंद्रवंशी ने फोन कर पुत्री की मौत की सूचना दी

सन्देहास्पद स्थिति में विवाहिता की मौत, जांच में जुटी पुलिस

बंशीधर न्यूज



कांडी : हरिहरपुर ओपी क्षेत्र अंतर्गत डुमरसोता पंचायत के श्रीनगर गांव के डीह टोला में बुधवार को 28 वर्षीय विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। मृतका की पहचान प्रेमा देवी के रूप में हुई है। इस मामले में मृतका के पिता ने पति समेत ससुराल पक्ष के अन्य सदस्यों पर दहेज प्रताड़ना और हत्या का आरोप लगाते हुये हरिहरपुर ओपी में आवेदन दिया है। मृतका के पिता बैजनाथ राम ने बताया कि उन्होंने वर्ष 2022 में अपनी पुत्री प्रेमा देवी की शादी श्रीनगर गांव निवासी राजू चंद्रवंशी के पुत्र राहुल कुमार चंद्रवंशी के साथ हिंदू रीति-रिवाज के अनुसार की थी। आरोप है कि शादी के कुछ वर्षों बाद ही दहेज की मांग को लेकर उनकी पुत्री को ससुराल में लगातार प्रताड़ित किया जाने लगा। इस मामले को लेकर कई बार दोनों पक्षों के बीच समझौता भी कराया गया, लेकिन इसके बावजूद स्थिति में सुधार नहीं हुआ। प्रेमा का मायका कांडी प्रखंड के शिवपुर पंचायत के बहेरा गांव में था। पिता के अनुसार बुधवार को उनके दामाद राहुल कुमार चंद्रवंशी ने फोन कर पुत्री की मौत की सूचना दी। सूचना मिलने के बाद जब वे अपनी पुत्री के ससुराल पहुंचे तो शव की स्थिति संदिग्ध प्रतीत हुई। इसके बाद उन्होंने पति राहुल कुमार चंद्रवंशी, सास सरिता देवी सहित परिवार के अन्य सदस्यों पर पुत्री की हत्या करने का आरोप लगाया। मृतिका की दो वर्षीय छोटी बच्ची है। इस संबंध में ओपी प्रभारी परवेज आलम ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण के लिये भेज दिया गया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा।

छठ महापर्व को लेकर अमानत घाट का अधिकारियों ने किया निरीक्षण, जाम से निपटने के लिए दिए निर्देश



मेदिनीनगर : आगामी छठ महापर्व के मद्देनजर बुधवार को ट्रैफिक प्रभारी रुद्रानंद सरस एवं सदर थाना प्रभारी अफजल अंसारी ने अमानत घाट का निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने घाट तक आने जाने वाले रास्तों, यातायात व्यवस्था और वाहनों की पार्किंग के लिए उपयुक्त स्थलों का जायजा लिया। निरीक्षण के क्रम में अधिकारियों ने संबंधित कर्मियों को यातायात व्यवस्था सुचारु रखने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि छठ महापर्व के दौरान श्रद्धालुओं और छठव्रतियों को घाट तक पहुंचने में किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। साथ ही घाट के आसपास जाम की स्थिति उत्पन्न न हो, इसके लिए विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश दिया। अधिकारियों ने भरोसा दिलाया कि छठ महापर्व के दौरान अमानत घाट पर यातायात एवं सुरक्षा की समुचित व्यवस्था रहेगी, ताकि श्रद्धालु शांतिपूर्ण और सुरक्षित माहौल में लोक आस्था के महापर्व को संपन्न कर सकें।

सांसद ने नगर आयुक्त के साथ किया कोयल नदी छठ घाट का निरीक्षण



मेदिनीनगर : सांसद विष्णु दयाल राम ने आज मेदिनीनगर स्थित कोयल नदी छठ घाट का निरीक्षण किया। इस दौरान नगर आयुक्त रंजीत लाल भी साथ थे। निरीक्षण के दौरान सांसद श्री राम ने छठ घाट पर साफ सफाई व अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को अविलंब साफ सफाई कराने का निर्देश दिया। साथ ही, छठव्रतियों एवं श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सभी आवश्यक तैयारियां समय पर सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने घाट पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए अवरोध बन रहे बोल्डरों को हटाकर संबंधित स्थानों पर मोरम डलवाने का भी निर्देश दिया, ताकि छठ महापर्व के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

सिंगरा अमानत नदी तट पर छठ महोत्सव, आकर्षण का केंद्र होगी गंगा महाआरती



मेदिनीनगर : छठ महापर्व पर लायंस क्लब पलामू की ओर से सिंगरा कला स्थित अमानत नदी तट पर छठ पूजा महोत्सव सह गंगा महाआरती का आयोजन किया जाएगा। इसकी तैयारी में क्लब के सदस्य जुट गए हैं। बुधवार को शिवाय ब्लू होटल में आयोजित प्रेसवार्ता में प्रोजेक्ट चेयरमैन आलोक माथुर ने बताया कि क्लब पिछले 27 वर्षों से छठ महापर्व पर इस आयोजन की परंपरा निभा रहा है। क्लब अध्यक्ष रूपेश कुमार ने बताया कि इस वर्ष श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ने की संभावना है। इसे देखते हुए घाट की सफाई, प्रकाश, टेंट और अन्य जरूरी सुविधाओं की व्यवस्था की जा रही है। महोत्सव का मुख्य आकर्षण वाराणसी से आए विद्वान पंडितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ की जाने वाली गंगा महाआरती होगी। इसके लिए आकर्षक मंच बनाया जाएगा। रीतेश कुमार, प्रभात अग्रवाल, पीयूष तुलस्यान, संजय पाठक और संजय कुमार ने बताया कि व्रतियों के लिए अस्थायी चेंजिंग रूम और श्रद्धालुओं के ठहरने के लिए वाटरप्रूफ टेंट की व्यवस्था होगी। वाहन पार्किंग के लिए अलग स्थान निर्धारित किया जाएगा। यातायात और सुरक्षा की जिम्मेदारी पुलिस प्रशासन संभालेगा। स्वास्थ्य विभाग की ओर से चिकित्सा शिविर और एंबुलेंस की व्यवस्था भी रहेगी।



हुमा कुरैशी की 'महारानी 5' में दिखेगा बदले का नया अंदाज, टीजर रिलीज

मुंबई। अभिनेत्री हुमा कुरैशी की चर्चित वेब सीरीज 'महारानी' के पांचवें सीजन का आधिकारिक ऐलान हो गया है। सोनी लिव ने नए सीजन का टीजर जारी कर दिया है, जिसमें हुमा एक बार फिर रानी भारती के दमदार किरदार में नजर आ रही हैं। सीरीज के अब तक चार सीजन दर्शकों के सामने आ चुके हैं और सभी को अच्छी प्रतिक्रिया मिली है। नए टीजर के साथ निमार्ताओं ने इसकी रिलीज का समय भी घोषित कर दिया है। टीजर से संकेत मिलता है कि इस बार रानी भारती की लड़ाई केवल सत्ता हासिल करने तक सीमित नहीं रहेगी बल्कि कहानी व्यक्तिगत बदले और एक मां के आक्रोश के इर्द-गिर्द आगे बढ़ेगी। पिछले सीजन की घटनाओं के बाद कहानी बिहार से लेकर दिल्ली तक के राजनीतिक गलियारों में सत्ता संघर्ष को दिखाएगी। रानी भारती इस बार अपने विरोधियों से हिसाब चुकता करने के इरादे से मैदान में उतरती नजर आएंगी। 'महारानी 5' का निर्माण सुभाष कपूर ने किया है, जबकि पुनीत प्रकाश ने इसका निर्देशन किया है। सीरीज फरवरी 2027 में सोनी लिव पर रिलीज होगी। नए सीजन के टीजर ने दर्शकों के बीच उत्सुकता बढ़ा दी है। अब देखना होगा कि रानी भारती की यह नई लड़ाई कहानी को किस मोड़ पर लेकर जाती है।

ट्रेलर रिलीज होते ही चर्चा में आया सलमान का डायलॉग



मुंबई। सलमान खान की आगामी फिल्म 'मातृभूमिः मे वॉर रेस्ट इन पीस' का ट्रेलर रिलीज होने के बाद से ही चर्चा में है। लंबे समय से टल रही यह फिल्म अब 4 दिसंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है। अपूर्व लाखिया के निर्देशन में बनी इस फिल्म में सलमान के साथ पहली बार चित्रांगदा सिंह नजर आएंगी। ट्रेलर को दर्शकों की मिली-जुली प्रतिक्रिया मिल रही है। जहां कुछ लोगों ने फिल्म के एक्शन और कहानी की तारीफ की, वहीं सलमान के एक संवाद को लेकर सोशल मीडिया पर सवाल उठाए जा रहे हैं। दरअसल, ट्रेलर के एक दृश्य में सलमान चीनी सैनिक से बातचीत करते हुए कहते हैं, रचलो इसे ठीक करते हैं, ब्रो। पीस आउट।ह युद्ध जैसे तनावपूर्ण माहौल में उनके इस हल्के-फुल्के अंदाज वाले संवाद को कई दर्शकों ने अटपटा बताया है। इस संवाद के सामने आने के बाद सोशल मीडिया पर प्रतिक्रियाओं की बाढ़ आ गई। कुछ यूजर्स ने इसकी तुलना सलमान के पहले वायरल हुए संवाद सोनम, इट्स डन, ब्रो से भी की। सोशल मीडिया पर कुछ लोगों ने सवाल उठाया कि सैन्य तनाव की स्थिति में इस तरह की भाषा का इस्तेमाल कितना उचित है। वहीं, कुछ यूजर्स ने फिल्म के संवाद लेखन और उसे मंजूरी देने वालों की आलोचना की। कुछ लोगों ने तो सलमान को अभिनय से संन्यास लेने की सलाह तक दे डाली।
गौरतलब है कि 'मातृभूमि' 4 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। बॉक्स ऑफिस पर इसका मुकाबला श्रद्धा कपूर की फिल्म 'ईथा' से होगा।

ईरान ने दुनिया को दिखाई अपनी नई भूमिगत मिसाइल सिटी



आरके पब्लिक स्कूल में 32 वीं विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित

विद्यार्थियों ने प्रस्तुत किये 120 मॉडल

बंशीधर न्यूज

गढ़वा : बाल दिवस के अवसर पर आरके पब्लिक स्कूल में 32 वीं विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने लगभग 120 वैज्ञानिक मॉडल प्रस्तुत कर अपनी वैज्ञानिक सोच, रचनात्मक प्रतिभा और तकनीकी कौशल का प्रदर्शन किया। विभिन्न विषयों पर आधारित मॉडल दर्शकों के आकर्षण का केंद्र रहे। कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय के निदेशक सह शिक्षाविद् अलखनाथ पाण्डेय ने दीप जलाकर किया। छात्रा प्रियांशी प्रिया एवं उनके समूह ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। इसके बाद अतिथि सुरेंद्र तिवारी, कृष्ण प्रसाद मेहता, आनंद सिन्हा एवं मुजीबउद्दीन खान ने डॉ एपीजे अब्दुल कलाम के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर रिबन काटकर प्रदर्शनी का उद्घाटन किया।मौके पर निदेशक अलखनाथ पाण्डेय ने कहा कि विद्यालय स्थापना काल से ही प्रत्येक वर्ष बाल दिवस पर विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित करता आ रहा है। इसका उद्देश्य बच्चों में वैज्ञानिक चेतना, नवाचार और रचनात्मक सोच विकसित करना है। अतिथि सुरेंद्र तिवारी ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना की। प्रदर्शनी में एआई, स्मार्ट सिटी, वाटर हार्वेस्टिंग, पर्यावरण संरक्षण, ड्रोन, सोलर कार, बायोगैस प्लांट, विंड मिल, हाइड्रोइलेक्ट्रिसिटी और अर्थक्वेक डिटेक्टर समेत करीब 120 मॉडल प्रदर्शित किये गये। प्रतियोगिता के ग्रुप-ए में अब्दुल एवं ग्रुप, शिवम तिवारी एवं ग्रुप, ग्रुप-बी में समृद्धि एवं ग्रुप, सौरव एवं ग्रुप तथा ग्रुप-सी में अंकिता एवं ग्रुप ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मंच संचालन देवेंद्र सिंह व धन्यवाद ज्ञापन प्राचार्य संतोष पाण्डेय ने किया। मौके पर अनुप कुमार पाण्डेय, देवेंद्र सिंह, नंदलाल गुप्ता, अनिता सिन्हा, गीता पाण्डेय, श्वेता पाण्डेय, अभिलाषा तिवारी, जागृति चौबे, पूनम राय, विकास पाण्डेय, विकास तिवारी, विनय सिंह, रौशन धर दुबे सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं और अभिभावक उपस्थित थे।

छठ पूजा को लेकर लोहवा पुल घाट पर चलाया गया स्वच्छता अभियान



रंका : लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा को लेकर रंका अनुमंडल मुख्यालय में तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में सूर्योदय सेवा संस्थान, सिंगा कला के अध्यक्ष अनिल राम एवं समाजसेवी अमरेन्द्र कुमार के नेतृत्व में लोहवा पुल स्थित छठ पूजा घाट परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान पूरे परिसर की साफ-सफाई की गई, ताकि व्रतियों और श्रद्धालुओं को पूजा के दौरान किसी प्रकार की परेशानी न हो। बताया गया कि इस वर्ष सूर्योदय सेवा संस्थान, सिंगा कला की ओर से छठ पूजा स्थापना दिवस का 13 वां आयोजन किया जा रहा है। इसे लेकर समिति द्वारा छठ महोत्सव को भव्य और आकर्षक बनाने की तैयारियां की जा रही हैं। संस्थान के सदस्यों ने छठ पूजा को लेकर साफ-सफाई और अन्य व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने में सामूहिक सहयोग की प्रतिबद्धता जताई। समिति का उद्देश्य छठ महापर्व को श्रद्धा, स्वच्छता और सामाजिक सौहार्द के वातावरण में संपन्न कराना है। स्वच्छता अभियान में संस्थान के सचिव आशीष चौधरी, कोषाध्यक्ष शुभम मिश्रा, मुकेश तांती, सूरज कुमार, प्रभात कुमार, गजाधर सिंह, आनंद मिश्रा, उदय कुमार, करण सिंह, पियूष तांती, राजू कुमार, रंजन कुमार, चंदन कुमार सहित संस्थान के संरक्षकगण मौजूद थे।

कांग्रेस नेता बडू दुबे ने विभिन्न गांवों का दौरा कर ग्रामीणों से हुये रूबरू



कांडी : कांग्रेस नेता प्रभात दुबे उर्फ बडू दुबे ने प्रखंड के खुटहेरिया, सननी, रकसही, भरतपहाड़ी सहित विभिन्न गांवों का दौरा कर ग्रामीणों की समस्याओं से रूबरू हुये। इस दौरान ग्रामीणों द्वारा आक्रोश व्यक्त करते हुये बताया गया कि पिछले 8 महीने से वृद्धापेंशन नहीं मिलने के कारण गरीब असहाय परिवार के समक्ष परेशानी खड़ी हो गई है। प्रभात दुबे ने केंद्र की भाजपा सरकार पर आरोप लगाते हुये कहा कि केंद्र सरकार की असंवेदनशीलता के कारण आज झारखंड के लाखो वृद्ध असहाय लोगों को पेंशन योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है, यह बेहद शर्मनाक और दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि एक तरफ महंगाई, बेरोजगारी और दूसरी तरफ केंद्र सरकार द्वारा झारखंड की अनदेखी यह बताता है कि झारखंडियों के दुख दर्द से भाजपा की सरकार को कोई सरोकार नहीं है। उन्होंने कहा कि अगर जल्द ही पेंशन योजना का भुगतान नहीं किया गया तो केंद्र सरकार के खिलाफ चरणबद्ध आंदोलन शुरू की जायेगी। श्री दुबे ने कहा कि झारखंड की कांग्रेस-जेएमएम गठबंधन की सरकार लगातार गरीब मजदूरों के हित में कार्य कर रही है। लेकिन केंद्र सरकार की सौतेला व्यवहार के कारण केंद्र द्वारा दी जाने वाली आर्थिक सहायता को रोका जा रहा है जिससे वैसे योजनाएं प्रभावित हो रही हैं, जिसका खामियाजा आम जनता भुगत रही है। मौके पर उदय मेहता, शंभू पांडेय, जितेंद्र पासवान, पप्पू रजवार, विनोद मेहता, भोला रजवार सहित कई लोग उपस्थित थे।

आरकेवीएस महाविद्यालय में एड्स जागरूकता कार्यक्रम, निकाली रैली



गढ़वा : एड्स के प्रति जागरूकता फैलाने और समाज में व्याप्त भ्रांतियों को दूर करने के उद्देश्य से बुधवार को आरकेवीएस महाविद्यालय सोनपुरवा में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें बीएड एवं डीएलएड के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के तहत भाषण प्रतियोगिता, पेंटिंग प्रतियोगिता और जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। पेंटिंग प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने एड्स से बचाव, रोकथाम और सामाजिक भेदभाव दूर करने से संबंधित आकर्षक एवं संदेशपरक चित्र बनाये। वहीं महाविद्यालय के प्राध्यापकों ने अपने संबोधन में एड्स के कारण, संक्रमण के तरीके और बचाव के उपायों की जानकारी दी। इसके बाद विद्यार्थियों ने जागरूकता रैली निकाली। रैली महाविद्यालय परिसर से शुरू होकर विभिन्न गली-मोहल्लों से गुजरते हुए पुनः कॉलेज पहुंची। इस दौरान लोगों को एड्स के प्रति जागरूक रहने और बचाव के उपाय अपनाने का संदेश दिया गया। मौके पर महाविद्यालय के निदेशक सह शिक्षाविद् अलखनाथ पाण्डेय ने कहा कि एड्स के प्रति जागरूकता ही बचाव का सबसे प्रभावी माध्यम है। उन्होंने कहा हमें बीमारी से लड़ना है, बीमार व्यक्ति से नहीं। एड्स पीड़ितों के प्रति भेदभाव करने के बजाय उनके साथ संवेदनशीलता, सम्मान और सहयोग का व्यवहार करना चाहिये। मौके पर प्राचार्य डॉ चंद्रदीप पाण्डेय सहित महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक, बीएड एवं डीएलएड के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

जोड़ा मंदिर में सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ का तीसरा साप्ताहिक आयोजन संपन्न

सामाजिक समरसता व संस्कारों के संरक्षण पर सार्थक विचार-विमर्श

बंशीधर न्यूज

गढ़वा : शहर के जोड़ा मंदिर परिसर में स्थापित बजरंगबली की प्रतिमा के समक्ष श्रीहनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ एवं आध्यात्मिक-सांस्कृतिक चर्चा का तीसरा साप्ताहिक आयोजन श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ संपन्न हुआ। इस दौरान भारतीय संस्कृति, धार्मिक परंपराओं, सामाजिक समरसता और संस्कारों के संरक्षण पर सार्थक विचार-विमर्श किया गया। चर्चा सत्र में विश्व हिंदू परिषद के जिला महामंत्री सोनू सिंह ने कहा कि हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ समाज में एकता, सेवा, समर्पण और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है। ऐसे



आयोजन नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ते हैं। सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक राजेश नारायण पाण्डेय ने कहा कि शिक्षा के साथ संस्कार भी जरूरी हैं। आध्यात्मिकता व्यक्ति में नैतिकता, अनुशासन और कर्तव्यबोध विकसित करती है। शिक्षिका अर्चना कुमारी ने कहा कि बच्चों के व्यक्तित्व निर्माण में सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक शिक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका है। कला साधिका खुशबू उपाध्याय ने कला, साहित्य और अध्यात्म को एक-दूसरे का पूरक बताया। वहीं रंगकर्मी कौस्तुभ ने रंगमंच को सामाजिक जागरूकता और सांस्कृतिक चेतना का सशक्त माध्यम बताया। संस्कार भारती के झारखंड प्रांत के प्रांतीय कला धरोहर संयोजक नीरज श्रीधर ने भारतीय सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और आध्यात्मिक परंपराओं को जीवंत बनाये रखने पर जोर दिया। चर्चा के बाद श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया। इसके बाद बजरंगबली की आरती उतारी गई और प्रसाद वितरण हुआ। शांति पाठ के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। मौके पर खुशबू केशरी, श्रेयांश केशरी सहित अन्य श्रद्धालु एवं संस्कृति प्रेमी उपस्थित थे।

प्रभात टुडे नेटवर्क के लिए राधेरमण चौबे द्वारा गुलाब मेमोरियल मार्केट श्री बंशीधर नगर गढ़वा झारखंड से प्रकाशित, प्रधान संपादक-धीरेन्द्र चौबे, संपादक-धर्मेन्द्र कुमार चौबे* फोन : 9471737671, web-www.banshidharnews.com-Email-prabhatodaynetwork@gmail.com, *समाचारों के चयन के लिए पी.आर.बी एक्ट के तहत जिम्मेदार (सभी वादों का निपटारा नगर ऊंटारी अनुमंडलीय न्यायालय के अधीन होगा)